Nav Bharat Times- New Delhi- 28-03-2011

डीटीयू

(एआईट्रिपल ई के नतीजों के बाद)

दिल्ली टेक्नॉलजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में इस बार स्टूडेंट्स को ऑनलाइन अप्लाई करने का ऑप्शन मिलेगा और इससे उन्हें काफी राहत मिलेगी। अभी तक स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से फॉर्म व प्रोस्पेक्टस डाउनलोड तो कर सकते थे, लेकिन उन्हें फॉर्म जमा करवाने यूनिवर्सिटी आना ही पड़ता था या पोस्ट से फॉर्म भेजना पड़ता था। अब स्टूडेंट्स फॉर्म ऑनलाइन भी जमा करवा पाएंगे। साथ ही यूनिवर्सिटी आकर फॉर्म जमा करवाने का विकल्प भी मौजूद रहेगा।

- सेशन 2011-12 में बीटेक लेवल पर मैथमैटिक्स एंड कंप्यूटिंग का नया कोर्स शुरू हो रहा है। इस तरह से यूनिवर्सिटी में बी. टेक कोर्सेज की संख्या 15 हो जाएगी।
- मई के आखिर में स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी से फॉर्म मिलने लग जाएंगे। पिछले साल बी. टेक में सीटों की संख्या 1,128 थी, जो इस साल बढ़कर 1,200 तक पहुंच जाएगी। मैथ्स एंड कंप्यूटिंग में 60 सीटें होंगी।
- यूनिवर्सिटी एडमिशन शेडयूल तैयार कर रही है, लेकिन डीटीयू में वही स्टूडेंट्स अप्लाई कर सकते हैं, जो सीबीएसई द्वारा आयोजित की जाने वाले ऑल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन (एआईईईई) में भाग लेंगे। पहली मई को यह टेस्ट होगा। एआईईईई रैंक के आधार पर डीटीयू में मेरिट लिस्ट तैयार होगी और फिर काउंसलिंग शुरू होगी। एआईईईई का रिजल्ट आने के बाद ही फॉर्म मिल सकेंगे।